भारत सरकार

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2895

दिनांक 12.12.2016 को उत्तर दिए जाने के लिए

अधिकांश ग्रामीण घरों में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय

2895. श्रीमती रानी नाराहः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन दस राज्यों के नाम क्या हैं जहां स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामीण घरों में सबसे अधिक शौचालय हैं; और

(ख) उन दस राज्यों के नाम क्या हैं जो स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता शौचालय वाले ग्रामीण घरों के मामले में सबसे पिछड़े हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) हिमाचल प्रदेश, केरल, सिक्किम, उत्तराखण्ड, हरियाणा, गुजरात, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और पश्चिम बंगाल राज्य में अधिकांश ग्रामीण परिवारों के घर में शौचालय हैं।

(ख) बिहार, जम्मू और कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम और कर्नाटक राज्य में ग्रामीण परिवारों में शौचालय से कवरेज की प्रतिशतता न्यूनतम है।